भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी के साथ गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू

किसानों के लिए फायदेमंद बनी सरकारी खरीद प्रक्रिया

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकडी, 11 अप्रैल (दीपांकुर चौहान)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की आय में बढ़ोतरी के उद्देश्य से गेहूं की फसल उगाने वाले किसानों के लिए सरकार की ओर से शुरू की गई सकारात्मक पहल के तहत भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी के साथ गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू किए जाने के बाद रोजाना हजारों की संख्या में किसान अपनी फसल लेकर पहुंच रहे हैं, जहां उन्हें सही दाम के साथ साथ 12 घंटे के अंदर भुगतान भी किया जा रहा है। ऐसे में सरकारी खरीद प्रक्रिया किसानों के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही है। केकड़ी कृषि उपज में स्थापित खरीद केंद्र पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ गेहूं की खरीद शुरू होने से जहां किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिल रहा है, वहीं किसान हित में किए जा रहे सरकार के प्रयास भी कारगर साबित हो रहे हैं...

भारतीय खाद्य निगम की ओर से रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद प्रक्रिया के तहत केकड़ी में स्थापित किए गए खरीद केंद्र पर किसानों को गेहूं की उपज का प्रति क्विंटल 2575 रुपए दाम हासिल हो रहा है। इसके साथ ही किसानों को उनकी फसल का भुगतान भी 12 घंटे के भीतर प्राप्त हो रहा है, जिसे लेकर क्षेत्र के किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं और रोजाना हजारों की संख्या में अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं, जिसके चलते कृषि मंडी के सभी डोम भर चुके हैं और किसानों के ट्रेक्टर ट्रॉलियों की लंबी कतारें दिखाई दे रही है। केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई इस योजना को लेकर क्षेत्र के किसान उनकी मदद के लिए सरकार का आभार जाता रहे हैं।

ज्योतिबा फूले व भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूं, 11 अप्रैल (का.सं.)। शहर के राजकीय उप जिला स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित राजस्थान पेंशनर्स मंच उप शाखा चौमू के तत्वावधान में मंच के अध्यक्ष राधेश्याम यादव की अध्यक्षता में महात्मा ज्योतिबा फुले व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर ज्योतिबा फुले व अंबेडकरजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया ।

इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद काला, सीताराम बुनकर, वै। रामविलास शर्मा, मोहनलाल सैनी, सुशीला कुमावत, विनोद शर्मा, सुशील गंगवाल, कैलाश बिंवाल, कैलाश चंद्र शर्मा, ईश्वर लाल सैनी, रामपाल कुमावत, भेरूलाल यादव, अरविंद भातरा उपस्थित थे।

प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम महोत्सव में विभिन्न प्रदेशो के मुख्यमंत्री का भारत कर्म रत्न अंलकरण से विभूषित

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

काठमाण्डौ/जयपुर, 11 अप्रैल (का.सं.)। अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एंव इण्डो-नेपाल समरसता ऑर्गोनाईजेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वैश्विक शान्ति समरसता सांस्कृतिक सम्मेलन में 10 मई 2025 को मुख्य मंत्रीयो को भारत कर्म रत्न अंलकरण से विभूषि मंच द्वारा किया जायेगा। मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट राज. उच्च न्यायालय जयपुर ने बताया कि प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मंच द्वारा पहला आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में भारत की प्रतिष्ठा, भारत की शक्ति, भारत के पंचशील सिद्धान्तो को वैश्विक स्तर पर बढाने वाले सम्मानीय मुख्य मंत्री राजस्थान भजन लाल शर्मा, सम्मानीय मुख्यमंत्री भगवत मान पंजाब, सम्मानीय मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ उत्तर प्रदेश, सम्मानीया श्रीमती रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री दिल्ली, सम्मानीय श्री नायब सिंह सैनी मुख्य मंत्री हरियाणा, सम्मानीय डॉ. मोहन यादव मुख्य मंत्री मध्य-प्रदेश, सम्मानीय श्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखण्ड सरकार, सम्मानीया सुश्री ममता बनर्जी मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल, सम्मानीय श्री विष्णु देव साई, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, सम्मानीय श्री सुख विन्दर सिंह मुख्य मंत्री हिमाचल प्रदेश, सम्मानीय श्री देवेन्द्र गंगाधर फडनवीस मुख्य मंत्री महाराष्ट्र, का चयन कर्म स्थली से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर चयन किया गया हैं। महोत्सव कार्यक्रम मे 11 मुख्यमंत्री का 24 राष्ट्रो के सानिध्य में भारत कर्म रत्न अंलकरण से विभूषित होंगे, 192 राष्ट्रों का नागरिक अभिनन्दन समारोह में भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्न उत्थान हो, भारत पुन: वैदिक कालीन जगत गुरू के आसन पर पद् स्थापित हो, भारत को सुरक्षा परिषद् में विटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता मिले, अयोध्या को संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय बनाया जावे, भारत को विकासशील राष्ट्रो से विकसित राष्ट्रों में सम्मलित पर चर्चा होगी, वसुधैव कुटुम्बकम्, ग्लोबल विल्रेज, सत्यम् शिवम सुन्दरम पर चर्चा होगी, भारत कर्म रत्न अंलकरण, नेपाल राष्ट्र की टोपी, शॉल, स्मृति चिन्ह, मेडल अभिनन्दन महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल, न्यायमूर्ति परमानन्द झा, रायॅल भूटान के पूर्व प्रधानमंत्री किंजॉग दोरजी के हस्ताक्षर वाला अभिनन्दन पत्र आशीर्वाद के रूप में सम्मेलन में भेंट किया जायेगा। नई दिल्ली स्थित विभिन्न राष्ट्रों के राजदूतावास को आमन्त्रित किया जा रहा है। सम्मेलन में दुनिया का पहला विश्व रत्न अंलकरण अभिवादन मातृभूमि की मिट्टी से किया जायेगा। 192 राष्ट्रो का नागरिक अभिनन्दन एंव महा प्रयागराज कुम्भ मेला की कार्य योजना से अवगत कराया जायेगा।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय करेगा सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकडी, 11 अप्रैल (दीपांकुर चौहान)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा केकड़ी के तत्वावधान में 14 अप्रेल सोमवार को पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी में डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

उपशाखा अध्यक्ष नवलकिशोर जांगिड़ ने बताया कि इस सम्मान समारोह में केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम मुख्य अतिथि एवं प्रज्ञा प्रवाह राजस्थान क्षेत्र के सह संयोजक डॉ. सत्यनारायण कुमावत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। संगठन के प्रदेश महामंत्री महेन्द्र कुमार लखारा विशिष्ट अतिथि और प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी भंवरसिंह राठौड़ पर्यवेक्षक के तौर पर मौजूद रहेंगे। जिलाध्यक्ष महेश शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उपशाखा मंत्री भागचन्द लखारा ने बताया कि इस सम्मान समारोह में 1 जुलाई 2024 से 30 जून 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले केकड़ी क्षेत्र के करीब तीस से अधिक शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा।

राजकीय स्कूल की बढ़ी सुंदरता

गुढ़ागौड़जी। निकटवर्ती ग्राम किशोरपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन का पण्डित श्री प्रभुदयाल रघुनाथ प्रसाद शास्त्री चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रंग रोगन करवाने से भवन की सुंदरता बढ़ी। चैरिटेबल ट्रस्ट सचिव डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में ट्रस्ट द्वारा रंगाई - पुताई की घोषणा की गई थी। जिसकी क्रियान्वित रंगाई पुताई से पूर्ण हूई। ट्रस्ट अध्यक्ष हरिओम शर्मा द्वारा ही रंगाई पुताई की सम्पूर्ण खर्च राशि एक लाख दस हजार रुपए का वहन किया गया। इस कार्य की विद्यालय स्टाफ, अभिभावकगण एवं ग्रामवासियों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु 02 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन

जयपुर, 11 अप्रैल (का.सं.)। रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियो की सुविधा हेतु 02 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार 06067/06068, मदुरै- भगत की कोठी (जोधपुर)- मदुरै साप्ताहिक स्पेशल गाडी संख्या 06067, मदुरै-भगत की कोठी (जोधपुर) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 14.04.25 को (01 ट्रिप) मदुरै से सोमवार को 10.45 बजे रवाना होकर बुधवार को 12.30 बजे भगत की कोठी पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 06068, भगत की कोठी (जोधपुर)- मदुरै साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 17.04.25 को (01 ट्रिप) भगत की कोठी से गुरूवार को 05.30 बजे रवाना होकर शनिवार को 08.30 बजे मदुरै पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में दिंडुक्कल जं., तिरूच्चिराप्पल्लि, वृद्धाचलम जं., विलुप्पुरम जं., चेंगलपट्टू जं., ताम्बरम्, चैन्नई, सूलूरूपेटा, गुडूर, नेल्लूर, औंगोल, विजयवाडा, खम्मम, वरंगल, बल्लारशाह, चन्द्रपुर, वर्धा, धामनगांव, बडनेरा, अकोला, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, नंदुरबार, उधना, अंकलेश्वर, वडोदरा, आणंद, साबरमती, महेसाना, पाटन, भीलडी,रानीवाडा, मारवाड भीनवाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदडी व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 06 थर्ड एसी इकोनोमी, 12 थर्ड एसी व 02 पॉवरकार डिब्बो सहित कुल 20 डिब्बे होगें।

06057/06058, चैन्नई- भगत की कोठी (जोधपुर)- चैन्नई साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल गाडी संख्या 06057, चैन्नई-भगत की कोठी (जोधपुर) साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा दिनांक 13.04.25 को (01 ट्रिप) चैन्नई से रविवार को 19.45 बजे रवाना होकर मंगलवार को 12.30 बजे भगत की कोठी पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 06058, भगत की कोठी (जोधपुर)- चैन्नई साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा दिनांक 16.04.25 को (01 ट्रिप) भगत की कोठी से बुधवार को 05.30 बजे रवाना होकर गुरूवार को 23.15 बजे चैन्नई पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सूलूरूपेटा, गुडूर, नेल्लूर, औंगोल, विजयवाडा, खम्मम, वरंगल, बल्लारशाह, चन्द्रपुर, वर्धा, धामनगांव, बडनेरा, अकोला, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, नंदुरबार, उधना, अंकलेश्वर, वडोदरा, आणंद, साबरमती, महेसाना, पाटन, भीलडी, रानीवाडा, मारवाड भीनवाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदडी व लूनी स्टेशनो पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 16 द्वितीय शयनयान व 02 गार्ड डिब्बो सहित कुल 21 डिब्बे होगें।

हनुमान जन्मोंत्सव आज, महाशुभ योगों का रहेगा संयोग

चौमूं, 11 अप्रैल (का.सं.)। भगवान हनुमान जी का जन्मोंत्सव विशेष योग संयोग में आज शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा।जहां भक्त अपने आराध्य के अल सुबह से ही दर्शन करेंगे और सुख समृद्धि की कामना करेंगे तो मंदिरों में विशेष रोशनी और सजावट होगी।ज्योतिषाचार्य डॉ.योगेश शर्मा ने बताया कि इस बार हनुमान जन्मोंत्सव पर विशेष योग संयोग बने हैं।इसके साथ ही नवसंवत्सर 2082 की पहली पूर्णिमा भी रहेगी।आज शनिवार हस्त नक्षत्र,व्याघात योग,विष्टि करण,कन्या राशि का चंद्रमा रहेगा।स-1968 में हनुमान जन्मोंत्सव पर जो पंचग्रही योग बने थे वो आज फिर बने है।आज सूर्य,बुध,शुक्र,शनि,राहु का एक साथ होने से पंचग्रही योग बनने के साथ मीन राशि में बुध और शुक्र से लक्ष्मी नारायण योग,सूर्य व बुध की युति से बुधादित्य राजयोग का निर्माण हो रहा है।सूर्य व शुक्र की युति से शुक्रादित्य राजयोग का संयोग बन रहा है।हनुमान जयंती पर बनने वाले राजयोग से सभी जातको को लाभ मिलेगा।आज हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए सिंदूर का चोला चढ़ावें।बंदरों को फल खिलावें।हनुमान चालीसा का पाठ,सुंदरकांड का पाठ करें।चूंकि आज शनिवार है तो ऐसे में उन जातकों को जिन्हें मंगल,शनि और राहु से पीड़ा हो रही है वें आज हनुमान जी की विशेष उपासना करें।

गो कृपा कथा एवं नानी बाई रो मायरो कथा महोत्सव 13 अप्रैल से

श्रीराम नवयुवक सुंदरकांड मंडल के तत्वावधान में होगा कार्यक्रम

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूं, 11 अप्रैल (का.सं.)। श्रीराम नवयुवक सुंदरकांड मंडल धोली मंडी चौमू के तत्वावधान में प्रथम बार गो कृपा कथा एवं नानी बाई रो मायरो कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा । मंडल के अध्यक्ष रामकिशोर कुमावत एवं मीडिया प्रभारी दुष्यंत वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मंडल के द्वारा विगत 35 वर्षों से गौ सेवार्थ लगातार सेवा दी जा रही है । जिसके तहत स्मृति शेष मंडल संरक्षक साकेतवासी श्री श्री 1008 अग्रपीठाधीश्वर डॉक्टर राघवाचार्यजी महाराज रेवासा धाम सीकर एवं गोलोकवासी महंत श्री गोपालदास जी महाराज वीर हनुमान मंदिर धोली मंडी चौमू की स्मृति में कृष्ण प्रतिपदा रविवार दिनांक 13 अप्रैल से वैशाख कृष्णा तृतीया बुधवार 16 अप्रैल तक शहर में नानी बाई रो मायरो कथा का आयोजन किया जाएगा । इस कार्यक्रम के तहत रविवार 13 अप्रैल को शाम 4-15 शहर के प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर से महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा बैंडबाजे के साथ निकाली जावेगी । जो कि शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जयपुर रोड स्थित राजविलास गार्डन में पहुंचेगी । इस कथा का वाचन याज्ञिक पंडित परम श्रद्धेय श्री मुकेश शास्त्री करेंगे । इस दौरान श्री श्री 1008 हीरापुरी जी महाराज बड़ी डूंगरी कला, श्री श्री 1008 श्री प्रेमदास जी महाराज खेड़ापति बालाजी आश्रम सामोद, श्री श्री 1008 महंत श्री नरसिंह पुरी जी महाराज उदयपुरिया मठ एवं श्री श्री 1008 हरिओमदास जी महाराज परमानंद धाम को खोरी के आशीर्वचन भी होंगे ।



14 अप्रैल सोमवार से 16 अप्रैल बुधवार तक दोपहर 12-15 बजे से गो कृपा कथा एवं नानी बाई रो मायरो कथा का सजीव चित्रण शाम 4-15 बजे तक होगा । कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सजीव गौ माता बछड़े सहित कार्यक्रम प्रांगण में गौ सेवार्थ रहेगी । कलश यात्रा एवं कथा के आयोजन को लेकर मंडल के कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

टीरा ने दूसरी वर्षगांठ पर पेश की सेल और डिज़ाइनर कलेक्शन, टीरा टर्न्स टू सेल की हुई घोषणा

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

मुंबई, 11 अप्रैल (का.सं.)। रिलायंस रिटेल का ओम्नीचैनल ब्यूटी डेस्टिनेशन टीरा अपने दो वर्षों का जश्न मना रहा है। इस अवसर पर टीरा टर्न्स टू सेल की घोषणा की गई है, जिसमें 50 प्रतिशत तक की छूट और आकर्षक ऑफ़र मिल रहे हैं। इस मौके पर टीरा ने डिजाइनर जोड़ी अबू जानी संदीप खोसला के साथ सीमित संस्करण वाले एक्सेसरी कलेक्शन की पेशकश की है, जिसमें स्टाइलिश टोट बैग्स और डायरीज़ शामिल हैं।

टीरा ने बीते वर्ष मुंबई, पुणे, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों में नए स्टोर्स खोलकर और ऑनलाइन उपस्थिति मज़बूत कर अपना विस्तार किया है। इस वर्ष टीरा ने ऑगस्टिनस बादर, यूथ टू द पीपल, मिक्सून, मिल्कटच जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और 9 स्किन, अकाइंड बाय मीरा कपूर जैसे घरेलू ब्रांडों को भी लॉन्च किया।

मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड प्लाज़ा में टीरा के प्रमुख स्टोर की शुरुआत एक बड़ी उपलब्धि रही, जिसमें ब्यूटी सुइट, सेंटेड रूम और टीरा कैफ़े जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। टीरा भारत में सौंदर्य को तकनीक और अनुभव के संगम से नया रूप दे रहा है।

मुनि नमि कुमार ने 85 दिनों में दो महातपस्याएं कर रचा इतिहास - मुनि कमल कुमार

गंगाशहर, 11 अप्रैल। तपस्वी मुनि नमि कुमार जी की गहन तपस्याओं की अनुमोदना उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि श्री कमल कुमार जी के सान्निध्य में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। मुनिश्री कमल कुमार ने बताया कि उनके प्रिय सहयोगी मुनि नमि कुमार ने मात्र 85 दिनों के गंगाशहर प्रवास में दो विशाल तपस्याएं कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

गंगाशहर में 39 और 23 दिनों की दो महत्वपूर्ण तपस्याएं कर मुनिश्री ने न केवल कर्म निर्जरा की, बल्कि तेरापंथ धर्मसंघ की प्रभावना को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। मुनि कमल कुमार जी ने बताया कि मुनि नमि कुमार तपस्या को और आगे बढ़ाना चाहते थे, परंतु मैंने उन्हें सुझाव दिया कि पहले 39 की लड़ी में जो शेष तपस्याएं हैं, उन्हें पूर्ण करें। वर्तमान में 23 दिन की तपस्या पूर्ण हो चुकी है और अब केवल तीन थोकड़े - 17, 22 और 24 दिन की तपस्याएं शेष हैं। इनके पूर्ण होने पर 39 दिन तक की सम्पूर्ण तपस्या श्रृंखला पूर्ण हो जाएगी।

इस विशेष अवसर पर मुनिश्री ने एक नवीन गीतिका की रचना कर उसका संगान किया और तपस्या वर्धापन को आत्मीयता से संपन्न किया। कार्यक्रम में मुनि श्रेयांस कुमार, विमल विहारी, प्रबोध कुमार, मुकेश कुमार सहित तोलाराम सामसुखा, धर्मेन्द्र डाकलिया, मनोज छाजेड़ एवं आराध्या गोलछा ने गीतों और वक्तव्यों के माध्यम से तपोनुमोदना की। साध्वी परमयशा और विनम्रयशा जी के दिव्य विचारों को मुनि प्रबोध कुमार जी ने भावपूर्ण स्वर में पढ़कर सुनाया, जिससे वातावरण तपोमय हो गया।

RELIANCE

पंजीकृत कार्यालय:- 11वीं मंजिल, उत्तर की ओर, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (पूर्व) मुंबई- 400063

प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग नोटिस

यत:रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड द्वारा अपने मुंबई मुख्यालय के माध्यम से निम्नलिखित ऋणीयों/सह-ऋणीयों / जमानतदारों/बंधककर्ताओं से वित्तिय सहायताएं प्राप्त की थी। हमने यह अनुभव किया हक वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद ऋणीयों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं ने बकाया दिनांक को मूलधन तथा ब्याज पुर्नभुगतान करने में बहुत सी चूक की है। खाते को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्गमित दिशा निर्देशों के अनुसार निम्न दिनांकों को गैर निष्पादित संपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जा चुका है। जिसके परिणाम स्वरूप वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग नोटिस जारी किए हैं। सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लिखित संबंधित तिथियों पर निम्नलिखित ऋणीयों/सह-ऋणीयों / जमानतदारों/बंधककर्ताओं से नोटिस में उल्लिखित राशि को नोटिस में उल्लिखित राशि पर संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज और भुगतान की तिथि तक आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है।

क सं	ऋणी/सह-ऋणी/जमानती का नाम व पता	एन.पी.ए. दिनांक	ऋण खाता संख्या	मांग सूचना की दिनांक	बकाया राशि (रू.)	प्रतिभूत संपत्ति का पता
1.	संजू देवी मीणा पत्नी प्रेम प्रकाश मीणा (ऋणी और बंधककर्ता) निवासी-वार्ड नंबर 14 मीणो का मोहल्ला सिंघाना झुंझुनू राजस्थान 333516 इसके अलावा: प्लॉट नंबर 284,285 और 286 मुस्कान नगर चोमू सामोद रोड ग्राम मोरीजा चोमू जयपुर राजस्थान 333702 प्रेम प्रकाश मीना पुत्र रामअवतार मीना (सह-ऋणी) निवासी-वार्ड नंबर 16 मीणो का मोहल्ला सिंघाना झुंझुनू राजस्थान 333516 इसके अलावा:- प्लॉट नंबर 284,285 और 286 मुस्कान नगर चोमू सामोद रोड ग्राम मोरीजा चोमू जयपुर राजस्थान 333702	04.02.24	PL3176	17.10.24	रू.16,62,618/-	संपत्ति के सभी अंग व अंश जिसमे प्लॉट नंबर 284,285 और 286 मुस्कान नगर चोमू सामोद रोड ग्राम मोरीजा चोमू जयपुर राजस्थान 333702 पर स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 150 वर्गगज है।

उपर्युक्त परिस्थितियों में उपरोक्त ऋणीयों/सह-ऋणीयों / जमानतदारों/बंधककर्ताओं (जहां भी लागू हो) को इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भविष्य के ब्याज और लागू शुल्कों के साथ ऊपर उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है अन्यथा इस नोटिस की तिथि से 60 दिनों की समाप्ति के बाद सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी जिसमें वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(4) और उसके तहत लागू नियमों के तहत ऋणीयों/सह-ऋणीयों / जमानतदारों/बंधककर्ताओं की सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्जा लेना शामिल है। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के तहत कोई भी उधारकर्ता सुरक्षित ऋणदाता की पूर्व लिखित सहमति के बिनाए नोटिस में संदर्भित अपनी किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री/ए पट्टे या अन्यथा के माध्यम से स्थानांतरित नहीं करेगा।

दिनांक : 12.04.2025 स्थान : जयपुर

ह-/-
प्राधिकृत अधिकारी (रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड)

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -4-क अचल सम्पत्ति,(यों)की ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना
पंजीकृत कार्यालय : - 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली -110001 फोन : - 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

भिवाड़ी शाखा: पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ए-10, प्रथम तल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाई पास, भिवाड़ी-301019, राजस्थान। **उदयपुर शाखा:** मेवाड़ मोटर बिल्डिंग, 48, द्वितीय तल, तोरण बावड़ी, स्टेशन रोड, उदयपुर, राजस्थान - 313001। **जयपुर शाखा:** एसबी - 59, यूडीबी टावर्स, प्रथम तल, जयपुर नगर निगम के सामने, टोंक रोड, जयपुर-302015

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर-डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर-सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है"**, **जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामत: **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/BHI/0119/639649, बी.ओ.: भिवाड़ी, गुरिंदर सिंह/रीटा रानी	14.02.2024 तक रु. 731027.49	भौतिक कब्जा	ब्लॉक बी, फ्लैट नंबर-105, वंशिका होम्स, खसरा नंबर 18 19 35 50 55 59 1417/63 66 गांव, द-तिजारा जिला-अलवर, राजस्थान-301019, भारत। माप 527 वर्ग. फुट.	रु. 891000	रु. 89100	29.04.2025	रु. 10,000	18.04.2025 10.00 पूर्वा. 5.30 अप.	30.04.2025 02.00 अप. 03.00 अप.	Not Known
HOU/BHI/0120/768495, बी.ओ.: भिवाड़ी, मनोज करहाना/कृपा देवी	14.11.2023 तक रु. 1644117.33	भौतिक कब्जा	8/225, जीएफ, एमआईजी-ए 8/225, अरावली विहार (भिवाड़ी), अरावली विहार आरएचबी, भिवाड़ी, राजस्थान, भारत-301019	रु. 1455000	रु. 145500	29.04.2025	रु. 10,000	18.04.2025 10.00 पूर्वा. 5.30 अप.	30.04.2025 02.00 अप. 03.00 अप.	Not Known
HOU/UDA/1221/939636, बी.ओ. रू उदयपुर, श्रीमती नीरूबेन पटेलिया/ईश्वर सिंह	07.03.2024 तक रु. 1291279.87	भौतिक कब्जा	मकान नंबर 93, आराजी नंबर 15130/4605, राजस्व ग्राम उमदा, ग्राम पंचायत कानपुर, गिरवा, उदयपुर, राजस्थान- 325989	रु. 1072000	रु. 107200	29.04.2025	रु. 10,000	18.04.2025 10.00 पूर्वा. 5.30 अप.	30.04.2025 02.00 अप. 03.00 अप.	Not Known
HOU/JPR/1119/758575, बी.ओ.: जयपुर, पंकज कुमार/संतोष कुमारी	14.06.2022 तक रु. 2657401.35	भौतिक	फ्लैट नंबर एस 101, दूसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 23 शिव, शक्ति विहार, ग्राम सुखिया, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, भारत, 302023	रु. 1834000	रु. 183400	29.04.2025	रु. 10,000	18.04.2025 10.00 पूर्वा. 5.30 अप.	30.04.2025 02.00 अप. 03.00 अप.	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं सिवाय उनके जो कालम नंबर-के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।
1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। **2.** संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर-के में वर्णित, कार्